# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 04.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1.लड़की को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने तथा गर्भपात कराने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

अवगत कराना है दिनांक 03.10.2024 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने तथा वादिनी की पुत्री के गर्भवती होने पर उसका गर्भपात कराने,जिससे वादिनी की लड़की की तबियत खराब हो जाने के संबंध में थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-569/2024 धारा-123/64(1)/89/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 04.10.2024 को व0उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी तुषार ठाकुर उर्फ कार्तिक ठाकुर पुत्र अर्जुन सिंह निवासी इन्द्रा कालोनी थाना कटघर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**2.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 04.10.2024 को उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी यामीन पुत्र यासीन निवासी मौ0 घोसीपुरा थाना कटघर,मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-573/2024 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



## 3.जनपदीय पुलिस द्वारा 04 वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु वांछित/वारंटियों तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 04.10.2024 को **थाना कटघर** पुलिस द्वारा 03 वारंटियों को तथा थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



**विवरण अभियुक्तगणः-**

1. दुर्ग विजय पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी गंगानगर शिव मंदिर पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 32 वर्ष सम्बन्धित परिवाद सं0 3288/2018 धारा 138 एनआई एक्ट ता0पेशी 04.10.2023 सम्बन्धित मा0न्या0 श्रीमान अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0 7 मुरादाबाद।



2. शिवा पुत्र चमन सिंह,
3. दीपचन्द्र पुत्र चमन सिंह निवासी गण बल्देवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा नं0 5847/23 अ0सं0 539/21 धारा 323/504/506 भादवि सम्बन्धित मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0 02 मुरादाबाद
4. नासिर खान पुत्र अनीस खान निवासी मौ0 फतेउल्लागंज कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद चालानी थाना आईटीआई, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, वाद संख्या 1133/2020, मु0अ0सं0 221/2018 धारा 143/323/504/506 भादवि।

## 4. थाना मझोला क्षेत्रांतर्गत अनुज चौधरी हत्याकाण्ड में फरार 50 हजार रूपये का ईनामी अभियुक्त को थाना मझोला पुलिस ने किया  गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 10-08-2023 को थाना मझोला के पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेन्ट नया मुरादाबाद में अनुज चौधरी पुत्र पीतम सिंह निवासी पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेन्ट नया मुरादाबाद थाना मझोला,मुरादाबाद की कुछ लोगों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी थी तथा अनुज चौधरी के मित्र पुनीत चौधरी पुत्र चेतन सिंह निवासी भडवाडा थाना नखासा जनपद सम्भल घायल हो गये थे। प्रकरण के संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 598/23 धारा 302/307 भादवि बनाम 1. अमित कुमार पुत्र विजयपाल सिंह 2. पुष्पेन्द्र पुत्र नामालूम निवासीगण भवालपुर  थाना ऐचौडा कम्बोह जनपद सम्भल 3. अनिकेत पुत्र  प्रभाकर 4. प्रभाकर पुत्र नामालूम निवासीगण हाजीबेडा थाना ऐचौडा कम्बोह जनपद सम्भल व 5. अन्य अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था।




उक्त संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में थाना मझोला पर गठित टीम द्वारा पूर्व में 12 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त पंकज हुड्डा उर्फ अजय हुड्डा उर्फ पंकज चौधरी पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी ग्राम कोटा थाना रजबपुर जनपद अमरोहा का नाम प्रकाश में आया। जो घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था एवं अभि0 के वारण्ट व कुर्की के आदेश भी मा0 न्यायालय द्वारा जारी किये गये थे। अभियुक्त पंकज हुड्डा उपरोक्त पर श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा 50,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त पंकज उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद द्वारा टीम का गठन कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश दिये गये।

उक्त के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में आज दिनांक 04.10.2024 को थाना मझोला पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के वांछित व 50 हजार रूपये के ईनामी अभियुक्त पंकज हुड्डा उर्फ अजय हुड्डा उर्फ पंकज चौधरी पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी ग्राम कोटा थाना रजबपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता –

पंकज हुड्डा उर्फ अजय हुड्डा उर्फ पंकज चौधरी पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी ग्राम कोटा थाना रजबपुर जनपद अमरोहा।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त पंकज हुड्डा उर्फ अजय हुड्डा उर्फ पंकज चौधरी –

1.मु0अ0सं0-598/23 धारा-302/307/120 बी भादवि थाना मझोला,मुरादाबाद।

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मोहित कुमार चौधरी थाना मझोला, मुरादाबाद।
2. उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह थाना मझोला, मुरादाबाद।
3. का0 1074 सूरज थाना मझोला, मुरादाबाद।
4. का0 694 हिमांशु थाना मझोला, मुरादाबाद
5. सर्विलांस टीम, जनपद मुरादाबाद

## 5. विस्फोटक पदार्थो के अवैध भण्डारण व पटाखो की अवैध बिक्री अभियान के अन्तर्गत थाना पाकबडा पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण को करीब 2,50,000/- रु0 के अवैध पटाखो के साथ किया गया गिरफ्तार।

आगामी त्यौहार दशहरा व दीपावली पर्व के अवसर पर विस्फोटक पदार्थो के अवैध भण्डारण/निर्माण व पटाखो की अवैध बिक्री के विरुद्ध श्रीमान पुलिस उप-महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद के आदेशानुसार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशन के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी हाईवे के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 03.10.2024 की रात्रि को चैकिंग अभियान के दौरान तीन अभियुक्तगण 1. जितेन्द्र उर्फ नीलू पुत्र राधे श्याम, 2. सनी गुप्ता पुत्र सुनील कुमार गुप्ता निवासी छीपीवाला मौहल्ला कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद व 3. शिवराज उर्फ शिवा पुत्र ज्ञान सिंह निवासी जुम्मेरात का बाजार कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद को भारी मात्रा में अवैध पटाखो (कीमत करीब 2,50,000/- रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर, आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।



## गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.जितेन्द्र उर्फ नीलू पुत्र राधे श्याम निवासी छीपीवाला मौहल्ला कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद ।

2.सनी गुप्ता पुत्र सुनील कुमार गुप्ता निवासी मौहल्ला छीपीवाला कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद।

3.शिवराज उर्फ शिवा पुत्र ज्ञान सिंह निवासी जुम्मेरात का बाजार कस्बा व थाना पाकबडा,मुरादाबाद ।

## पंजीकृत अभियोगः-

1.मु0अ0सं0-357/24 धारा 5/9(ख) विस्फोटक अधिनियम, 1884) बनाम जितेन्द्र उर्फ नीलू पुत्र राधे श्याम

2.मु0अ0सं0-358/24 धारा 5/9(ख) विस्फोटक अधिनियम, 1884) बनाम सनी गुप्ता पुत्र सुनील कुमार गुप्ता

3.मु0अ0सं0-359/24 धारा 5/9(ख) विस्फोटक अधिनियम, 1884) बनाम शिवराज उर्फ शिवा पुत्र ज्ञान सिंह

## बरामदगी का विवरणः-

1.अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ नीलू उपरोक्त से 12 पेटी, सभी में अवैध पटाखे कीमत करीब 1,00,000/- रुपये।

2.अभियुक्त सनी गुप्ता उपरोक्त से 03 कट्टे व 11 पेटी, सभी में अवैध पटाखे कीमत करीब 1,00,000/- रुपये ।

3.अभियुक्त शिवराज उर्फ शिवा उपरोक्त से एक कट्टा व 4 पेटी सभी में अवैध पटाखे कीमत करीब 50,000/- रुपये।

## गिरफ्तारी करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणः-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह थाना पाकबडा, मुरादाबाद ।

2.उ0नि0 श्री राज किशोर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा, पाकबडा, मुरादाबाद

3.उ0नि0 श्री लोकेश कुमार थाना पाकबडा, मुरादाबाद ।

4.उ0नि0 श्री चन्द्रकान्त बालियान थाना पाकबडा , मुरादाबाद।

5.हे0का0 सतेन्द्र कुमार, थाना पाकबडा, मुरादाबाद ।

6.का0 कपिल कुमार, थाना पाकबडा, मुरादाबाद ।

7.का0 बब्लू सिंह, थाना पाकबडा, मुरादाबाद

8.का0 अमित कुमार , थाना पाकबडा , मुरादाबाद

9.का0 प्रभात पुण्डीर, थाना पाकबडा, मुरादाबाद